**भारत सरकार**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3498

उत्तर देने की तारीख: 15.07.2019

**एनजीओ दर्पण पोर्टल**

**3498. श्री संतोष कुमारः**

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास गैर-सरकारी संगठन दर्पण पोर्टल के तहत पंजीकृत सभी स्वैच्छिक संगठनों की प्रमाणिकता की जांच करने और सत्यापित करने हेतु कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) इस पोर्टल के तहत अब तक पंजीकृत स्वैच्छिक संगठनों का, विशेष रूप से बिहार के संदर्भ में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**मानव संसाधन विकास मंत्री**

**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क) एनजीओ दर्पण पोर्टल का रखरखाव नीति आयोग द्‌वारा किया जा रहा है। नीति आयोग सभी स्वैच्छिक संगठनों (वीओ)/गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) को पोर्टल पर साइन-अप हेतु आमंत्रित करता है। यह राज्यवार वीओ और एनजीओ के बारे में सूचना रिपोजिटरी बनाने को सुकर बनाता है। जब कभी वीओ/एनजीओ पोर्टल पर साइन-ऑन करते हैं उनके लिए एक प्रणाली सृजित यूनिक आईडी बन जाती है।

(ख) और (ग): मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राष्ट्रीय अल्प संख्यक शिक्षा संस्था आयोग में आवेदन करने के उद्देश्य से नीति आयोग के एनजीओ दर्पण पोर्टल पर एनजीओ पंजीकरण की 01.04.2017 से अनिवार्य कर दिया गया है।

(घ): राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार ब्यौरा https://ngodarpan.gov.in/index.php/home/statewise: पर उपलब्ध है।

*****